अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 11 अगस्त 2026
श्रावण कृष्ण-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2083

Page No. 04 : Top

# आजादी के पर्व पर स्क्रीनिंग कैंप में पाएं कैंसर से आजादी

SRMS

कैंसर से आज़ादी



आदित्य मूर्ति।

बरेली। कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आजादी के पर्व पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से 'देश की आजादी से कैंसर से आजादी तक' नाम से अभियान 12 से 14 अगस्त तक चलेगा। कैंसर विशेषज्ञ निशुल्क परामर्श देंगे। दर्जनभर जांचें भी मुफ्त होंगी।

मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कहा कि कैंप में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मुंह, पेट व आंत, प्रोस्टेट, फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग होगी। निशुल्क जांचों में मैमोग्राफी, एक्सरे चेस्ट अल्ट्रासाउंड, ब्रेस्ट, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, अल्ट्रासाउंड टीवीएस, एस पीएसए, एचपीवी डीएनए, सीबीसी, एलबीसी और ऑकल्ट ब्लड स्टूल शामिल हैं।

सीटी एब्डोमेन, सीटी थोरेक्स, एस सीईए, एस सीए 19.9, एफएनएसी, बायोप्सी प्रोसीजर्स, मेनोमेट्री, एंडोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी, सीटी, अल्ट्रासाउंड गाइडेड प्रोसीजर्स पर 50% की छूट भी मिलेगी। ब्यूरो

दैनिक जागरण

बरेली, मंगलवार
11 अगस्त, 2026
नगर संस्करण

Page No. 06 : Middle

# कैंसर से आजादी को कल से तीन दिन होगी स्क्रीनिंग

बरेली : कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आजादी के पर्व पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज की ओर से 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' नाम से अभियान शुरू किया जाएगा। डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने बताया कि अभियान में 12 से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा. पियूष कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। यह वृद्धि एक अंग से होती हुई दूसरे भाग को भी प्रभावित कर सकती है। कैंसर का पता करने के लिए स्क्रीनिंग जरूरी है। -वि.